चीनी के उत्पादन में 11% की गिरावट

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। चीनी के उत्पादन में गिरावट जारी है। चालू चीनी सीजन में इस साल 30 अप्रैल तक चीनी के उत्पादन में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 11 फीसदी की गिरावट आई है। इस साल 30 अप्रैल तक चीनी का उत्पादन 246.03 लाख टन रहा जबकि पिछले साल 30 अप्रैल तक 276.04 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया था। हालांकि चीनी के कम उत्पादन से चीनी की कीमतों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि पिछले साल खपत के मुकाबले लगभग 90 लाख टन अधिक चीनी उपलब्ध थी। देश में चीनी की खपत लगभग 255 लाख टन है।

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के मुताबिक इस साल 30 अप्रैल तक देश की अधिकतर चीनी मिलों में पेराई का काम बंद हो चुका है। इस्मा के मुताबिक गत 30 अप्रैल तक देश भर में 48 मिलें पेराई का काम कर रही हैं।

- पिछला भंडार रहने से नहीं पड़ेगा कीमतों पर असर

चीनी निर्यात का आदेश हो सकता है वापस

नई दिल्ली। सरकार की तरफ से चीनी मिलों के लिए जारी निर्यात करने के आदेश को सरकार वापस ले सकती है। पिछले साल चीनी के दाम में लगातार गिरावट को देखते हुए सरकार ने पिछले साल चीनी मिलों को 32 लाख टन चीनी निर्यात करने के लिए कहा था ताकि चीनी मिलों के वित्तीय दबाव को समाप्त किया जा सके। लेकिन चीनी के कम उत्पादन को देखते हुए अगले साल चीनी के आयात की उम्मीद की जा रही है।